www.prepp.in

Prepp
Your Personal Exams Guide

# UGC NET Paper 2 December 27, 2009 Shift 1 Psychology Question Paper

**Signature and Name of Invigilator**

1. (Signature) ____________________________
   (Name) ______________________________
2. (Signature) ____________________________
   (Name) ______________________________

OMR Sheet No. : ........................................
(To be filled by the Candidate)

Roll No. | | | | | | | |

(In figures as per admission card)

Roll No.________________________________
(In words)

**D-0409**

**Test Booklet No.**

Time : 1 1/4 hours]

## PAPER-II
## PSYCHOLOGY

[Maximum Marks : **100**

Number of Pages in this Booklet : **16**

Number of Questions in this Booklet : **50**

## Instructions for the Candidates

1. Write your roll number in the space provided on the top of this page.
2. This paper consists of fifty multiple-choice type of questions.
3. At the commencement of examination, the question booklet will be given to you. In the first 5 minutes, you are requested to open the booklet and compulsorily examine it as below :
   (i) To have access to the Question Booklet, tear off the paper seal on the edge of this cover page. Do not accept a booklet without sticker-seal and do not accept an open booklet.
   (ii) **Tally the number of pages and number of questions in the booklet with the information printed on the cover page. Faulty booklets due to pages/questions missing or duplicate or not in serial order or any other discrepancy should be got replaced immediately by a correct booklet from the invigilator within the period of 5 minutes. Afterwards, neither the Question Booklet will be replaced nor any extra time will be given.**
   (iii) After this verification is over, the Test Booklet Number should be entered in the OMR Sheet and the OMR Sheet Number should be entered on this Test Booklet.
4. Each item has four alternative responses marked (A), (B), (C) and (D). You have to darken the oval as indicated below on the correct response against each item.
   **Example :** (A) (B) ● (D)
   where (C) is the correct response.
5. Your responses to the items are to be indicated in the **Answer Sheet given inside the Paper I Booklet only.** If you mark at any place other than in the ovals in the Answer Sheet, it will not be evaluated.
6. Read instructions given inside carefully.
7. Rough Work is to be done in the end of this booklet.
8. If you write your name or put any mark on any part of the test booklet, except for the space allotted for the relevant entries, which may disclose your identity, you will render yourself liable to disqualification.
9. You have to return the test question booklet and OMR Answer sheet to the invigilators at the end of the examination compulsorily and must not carry it with you outside the Examination Hall.
10. **Use only Blue/Black Ball point pen.**
11. **Use of any calculator or log table etc., is prohibited.**
12. **Negative Marking :- For each incorrect answer, 0.5 marks shall be deducted.**

## परीक्षार्थियों के लिए निर्देश

1. पहले पृष्ठ के ऊपर नियत स्थान पर अपना रोल नम्बर लिखिए ।
2. इस प्रश्न-पत्र में पचास बहुविकल्पीय प्रश्न हैं ।
3. परीक्षा प्रारम्भ होने पर, प्रश्न-पुस्तिका आपको दे दी जायेगी । पहले पाँच मिनट आपको प्रश्न-पुस्तिका खोलने तथा उसकी निम्नलिखित जाँच के लिए दिये जायेंगे जिसकी जाँच आपको अवश्य करनी है :
   (i) प्रश्न-पुस्तिका खोलने के लिए उसके कवर पेज पर लगी कागज की सील को फाड़ लें । खुली हुई या बिना स्टीकर-सील की पुस्तिका स्वीकार न करें ।
   (ii) **कवर पृष्ठ पर छपे निर्देशानुसार प्रश्न-पुस्तिका के पृष्ठ तथा प्रश्नों की संख्या को अच्छी तरह चैक कर लें कि ये पूरे हैं । दोषपूर्ण पुस्तिका जिनमें पृष्ठ/प्रश्न कम हों या दुबारा आ गये हों या सीरियल में न हों अर्थात किसी भी प्रकार की त्रुटिपूर्ण पुस्तिका स्वीकार न करें तथा उसी समय उसे लौटाकर उसके स्थान पर दूसरी सही प्रश्न-पुस्तिका ले लें । इसके लिए आपको पाँच मिनट दिये जायेंगे । उसके बाद न तो आपकी प्रश्न-पुस्तिका वापस ली जायेगी और न ही आपको अतिरिक्त समय दिया जायेगा ।**
   (iii) इस जाँच के बाद प्रश्न-पुस्तिका की क्रम संख्या OMR पत्रक पर अंकित करें और OMR पत्रक की क्रम संख्या इस प्रश्न-पुस्तिका पर अंकित कर दें ।
4. प्रत्येक प्रश्न के लिए चार उत्तर विकल्प (A), (B), (C) तथा (D) दिये गये हैं । आपको सही उत्तर के दीर्घवृत्त को पेन से भरकर काला करना है जैसा कि नीचे दिखाया गया है ।
   **उदाहरण :** (A) (B) ● (D)
   जबकि (C) सही उत्तर है ।
5. प्रश्नों के उत्तर **केवल प्रश्न पत्र I के अन्दर दिये गये उत्तर-पत्रक पर ही** अंकित करने हैं । यदि आप उत्तर पत्रक पर दिये गये दीर्घवृत्त के अलावा किसी अन्य स्थान पर उत्तर चिह्नांकित करते हैं, तो उसका मूल्यांकन नहीं होगा ।
6. अन्दर दिये गये निर्देशों को ध्यानपूर्वक पढ़ें ।
7. कच्चा काम (Rough Work) इस पुस्तिका के अन्तिम पृष्ठ पर करें ।
8. यदि आप उत्तर-पुस्तिका पर अपना नाम या ऐसा कोई भी निशान जिससे आपकी पहचान हो सके, किसी भी भाग पर दर्शाते या अंकित करते हैं तो परीक्षा के लिये अयोग्य घोषित कर दिये जायेंगे ।
9. आपको परीक्षा समाप्त होने पर प्रश्न-पुस्तिका एवं OMR उत्तर-पत्रक निरीक्षक महोदय को लौटाना आवश्यक है और परीक्षा समाप्ति के बाद उसे अपने साथ परीक्षा भवन से बाहर न लेकर जायें ।
10. **केवल नीले/काले बाल प्वाईंट पैन का ही इस्तेमाल करें ।**
11. **किसी भी प्रकार का संगणक (कैलकुलेटर) या लाग टेबल आदि का प्रयोग वर्जित है ।**
12. **नेगेटिव अंक प्रणाली : प्रत्येक गलत उत्तर के लिए 0.5 अंक काटे जाएँगे ।**

www.prepp.in

prepp
Your Personal Exams Guide

# PSYCHOLOGY
## Paper – II

**Note :** This paper contains **fifty (50)** objective type questions, each question carrying **two (2)** marks. Attempt all the questions.

**1.** When a test is applied to two equivalent groups of subjects and the two sets of scores are matching, we get

(A) cross-validation
(B) test-retest reliability
(C) equivalent form reliability
(D) rational equivalence reliability

**2.** When the information is not being transmitted, the inside of a neuron, as compared to the outside, is

(A) slightly positive
(B) largely positive
(C) slightly negative
(D) largely negative

**3.** Which one of the following is not the component of Goleman's Concept of Emotional Intelligence ?

(A) Knowing our own emotions
(B) Managing our own emotions
(C) Analytical ability
(D) Interpersonal skills

**4.** For a scale, norms were developed using T scores (Mean = 50, S.D. = 10). A subject got a T score of 60. What would be his PR ?

(A) 16
(B) 34
(C) 60
(D) 84

**5.** Match List-I with List-II

| List-I | | List-II | |
|---|---|---|---|
| (a) | Aptitude | (1) | Two factor theory of intelligence |
| (b) | Hereditary | (2) | WAIS |
| (c) | Spearman | (3) | Special ability |
| (d) | Measurement of Intelligence | (4) | Genes |

| | a | b | c | d |
|---|---|---|---|---|
| (A) | 3 | 4 | 1 | 2 |
| (B) | 4 | 3 | 2 | 1 |
| (C) | 3 | 1 | 2 | 4 |
| (D) | 1 | 2 | 3 | 4 |

**6.** According to Atkinson's theory, the tendency to approach an achievement task is a function of

(A) The motive for success.
(B) The subjective probability of success on the task.
(C) The incentive value of reaching the goal.
(D) All of the above.

www.prepp.in
Prepp Your Personal Exams Guide

# मनोविज्ञान
## Paper – II

**नोट :** इस प्रश्नपत्र में **पचास (50)** बहु-विकल्पीय प्रश्न हैं । प्रत्येक पश्न के **दो (2)** अंक हैं । सभी प्रश्नों के उत्तर दें ।

**1.** जब एक परीक्षण व्यक्तियों के दो समान्तर समूहों पर किया जाता है तथा प्राप्तांक के दो सेट मिलते हैं तो हमें निम्नलिखित में से क्या प्राप्त होता है ?

(A) विनिमयी वैधता (अंतर्वैधता)
(B) परीक्षण-पुनर्परीक्षण विश्वसनीयता
(C) समतुल्य रूप विश्वसनीयता
(D) तर्कसंगत समतुल्य विश्वसनीयता

**2.** जब सूचना संचारित नहीं की जाती, तो न्यूरोन के बाह्य की तुलना में आभ्यंतर होता है :

(A) थोड़ा सा धनात्मक
(B) बड़े पैमाने पर धनात्मक
(C) थोड़ा सा ऋणात्मक
(D) बड़े पैमाने पर ऋणात्मक

**3.** गोलमैन की संवेगात्मक बुद्धि की धारणा में इनमें से कौन सा घटक नहीं है ?

(A) अपने स्वयं के संवेगों का ज्ञान
(B) अपने स्वयं के संवेगों का नियंत्रण
(C) विश्लेषणात्मक क्षमता
(D) अंतर्वैयक्तिक कुशलताएँ

**4.** मापनी के लिए प्रतिमान टी स्कोर के प्रयोग द्वारा विकसित किए गये (माध्य = 50, एस.डी. = 10) अभ्यर्थी का टी प्राप्तांक 60 है । उसका पी आर क्या होगा ?

(A) 16
(B) 34
(C) 60
(D) 84

**5.** सूची-I को सूची-II से मिलाइए ।

| सूची-I | सूची -II |
|---|---|
| (a) अभिक्षमता | (1) बुद्धि का द्विकारकीय सिद्धान्त |
| (b) आनुवंशिक | (2) डब्ल्यू ए आय एस |
| (c) स्पियरमैन | (3) विशिष्ट क्षमता |
| (d) बुद्धि का मापन | (4) जीन |

| | a | b | c | d |
|---|---|---|---|---|
| (A) | 3 | 4 | 1 | 2 |
| (B) | 4 | 3 | 2 | 1 |
| (C) | 3 | 1 | 2 | 4 |
| (D) | 1 | 2 | 3 | 4 |

**6.** एटकिंसन सिद्धान्त के अनुसार, उपलब्धि परीक्षण को प्राप्त करने की प्रवृत्ति का निम्नलिखित प्रकार्य है :

(A) सफलता का उद्देश्य
(B) कार्य की सफलता की व्यक्तिनिष्ठ संभाव्य
(C) लक्ष्य प्राप्ति का प्रेरक मूल्य
(D) उपर्युक्त सभी

7. Match List-I with List-II and select the correct answer using the codes given below the list.

| | List-I (EEG Record) | | List-II (State of the individual) |
|---|---|---|---|
| (a) | Alpha | (1) | Deep sleep |
| (b) | Beta | (2) | Alert |
| (c) | Delta | (3) | Emotional state |
| (d) | Theta | (4) | Relaxed |

**Codes :**

| | a | b | c | d |
|---|---|---|---|---|
| (A) | 3 | 1 | 2 | 4 |
| (B) | 4 | 2 | 1 | 3 |
| (C) | 1 | 2 | 3 | 4 |
| (D) | 4 | 1 | 2 | 3 |

8. Memories of historical facts are to ___________ memory, as memories of your breakfast this morning are to ___________ memory.

(A) episodic ; procedural (B) semantic ; episodic
(C) procedural ; semantic (D) long-term ; short term

9. According to Tulving the 3 systems of memory are

(A) Immediate memory, short term memory and long term memory.
(B) Working memory, meta memory and short term memory.
(C) Procedural memory, semantic memory and episodic memory.
(D) Sensory memory, mnemonics and secondary memory.

10. Match List-I (training in) with List-II (Helps in learning) and select the correct answer using the codes given below :

| | List-I | | List-II |
|---|---|---|---|
| (a) | Piano | (1) | Rote memory |
| (b) | Sanskrit | (2) | English |
| (c) | Latin | (3) | Typing |
| (d) | Recitation | (4) | Hindi |

**Codes :**

| | a | b | c | d |
|---|---|---|---|---|
| (A) | 3 | 4 | 2 | 1 |
| (B) | 3 | 4 | 1 | 2 |
| (C) | 4 | 3 | 1 | 2 |
| (D) | 4 | 3 | 2 | 1 |

11. Who provided for the first time the powerful set of pictorial cues ?

(A) Koffka (B) Wertheimer
(C) Kohler (D) Gibson

12. Sohan met with a head injury in a road accident. Since the accident, Sohan is unable to form new memories. He remembers many things which he did before accident but he cannot remember what he said fifteen minutes ago. The part of Sohan's brain, which was most probably injured was

(A) brain stem (B) hippocampus
(C) spinal cord (D) reticular formation

www.prepp.in
Prepp
Your Personal Exams Guide

**7.** सूची-I को सूची-II से मिलाइए तथा सही उत्तर के लिए दिये गए कोड में से चयन कीजिए :

| **सूची-I (ई.ई.जी. रिकार्ड)** | | **सूची -II (व्यक्ति की स्थिति)** | |
|---|---|---|---|
| (a) | अल्फा | (1) | गहन निद्रा |
| (b) | बीटा | (2) | सावधान |
| (c) | डेल्टा | (3) | संवेगात्मक स्थिति |
| (d) | थिटा | (4) | विश्राम |

**कोड :**

| | a | b | c | d |
|---|---|---|---|---|
| (A) | 3 | 1 | 2 | 4 |
| (B) | 4 | 2 | 1 | 3 |
| (C) | 1 | 2 | 3 | 4 |
| (D) | 4 | 1 | 2 | 3 |

**8.** ऐतिहासिक तथ्यों की स्मृतियाँ ____________ स्मृति है जैसे कि प्रात:कालीन नाश्ते की स्मृतियाँ ____________ स्मृति है ।

(A) इतिवृत्तात्मक ; प्रक्रियात्मक
(B) शब्दार्थ ; इतिवृत्तात्मक
(C) प्रक्रियात्मक ; शब्दार्थ
(D) दीर्घ अवधि ; लघु अवधि

**9.** टुलविंग के अनुसार स्मृति की तीन व्यवस्थाएँ हैं :

(A) तत्काल स्मृति, लघु अवधि स्मृति तथा दीर्घ अवधि स्मृति ।
(B) कार्य स्मृति, अधिस्मृति तथा लघु अवधि स्मृति ।
(C) प्रक्रियात्मक स्मृति, शब्दार्थ स्मृति तथा इतिवृत्तात्मक स्मृति ।
(D) संवेदी स्मृति, स्मरक तथा गौण स्मृति

**10.** सूची I (प्रशिक्षण में) को सूची II (अधिगम में सहायक) से मिलाइए तथा सही उत्तर का नीचे दिए गए कोड में से चयन कीजिए :

| **सूची-I** | | **सूची-II** | |
|---|---|---|---|
| (a) | पियानो | (1) | रटना |
| (b) | संस्कृत | (2) | अंग्रेजी |
| (c) | लैटिन | (3) | टाइपिंग (टंकण) |
| (d) | सस्वर पाठ | (4) | हिंदी |

**कोड :**

| | a | b | c | d |
|---|---|---|---|---|
| (A) | 3 | 4 | 2 | 1 |
| (B) | 3 | 4 | 1 | 2 |
| (C) | 4 | 3 | 1 | 2 |
| (D) | 4 | 3 | 2 | 1 |

**11.** चित्रात्मक संकेतों का शक्तिशाली सेट (विन्यास) सर्वप्रथम किसने प्रतिपादित किया ?

(A) कॉफका (B) वर्दाइमर (C) कोह्लर (D) गिब्सन

**12.** एक सड़क दुर्घटना में सोहन के सिर में चोट लगी । दुर्घटना के बाद से सोहन की नई स्मृतियों की क्षमता नहीं बनी । उसको दुर्घटना से पहले हुई बहुत सी घटनाएँ याद रहीं परन्तु वह पंद्रह मिनट पहले हुई घटना याद नहीं कर सकता । अत: सोहन के मस्तिष्क के किस भाग को चोट लगने की संभावना हैं ?

(A) मस्तिष्क स्तंभ
(B) हिप्पोकैंपस
(C) स्पाइनल कॉर्ड
(D) जालाकार रचना (रेटिकुलर फॉर्मेशन)

13. The depressed spot in the retina which occupies the center of the visual field in which images are focussed most sharply is called
(A) fovea (B) cornea (C) iris (D) optic nerve

14. A psychologist developed a new test of numerical ability. He correlated the new test with an established test of numerical ability using a sample of 400 subjects. The obtained correlation of 0.28 between the two tests is statistically significant at 0.01 level. For the new test, this provides an evidence of
(A) Satisfactory concurrent validity (B) Unsatisfactory concurrent validity
(C) Satisfactory predictive validity (D) Unsatisfactory predictive validity

15. Match List-I (psychologists) with list-II (theories) and select the correct answer using the codes given below the list.

| | List-I (Psychologists) | | List-II (Theories) |
|---|---|---|---|
| (a) | Sternberg | (1) | Sampling Theory of Intelligence |
| (b) | Jensen | (2) | Level I and Level II Theory of Intelligence |
| (c) | J.P. Das | (3) | Pass Model of Intelligence |
| (d) | Thomson | (4) | Triarchic Theory of Intelligence |

**Codes :**

| | a | b | c | d |
|---|---|---|---|---|
| (A) | 3 | 2 | 4 | 1 |
| (B) | 1 | 4 | 2 | 3 |
| (C) | 4 | 2 | 3 | 1 |
| (D) | 2 | 4 | 1 | 3 |

16. Which of the following represents thinking process ?
(A) Tension (B) Imitation
(C) Sub-vocal speech (D) Debate

17. Which theory of emotion implies that people can change their emotions simply by changing the way they label their arousal ?
(A) The James-Lange Theory
(B) The Cannon-Bard Theory
(C) Schachter's two-Factor Theory
(D) Opponent-Process Theory

18. Training designed to improve problem solving ability emphasizes
(A) Putting two and two-together
(B) Implicit categorizing
(C) Solution of multiple choice problem.
(D) Ideational flexibility

19. Problems that require a common object to be used in an unusual way may be difficult to solve because of
(A) Mental set (B) Irrelevant information
(C) Unnecessary constraints (D) Functional fixedness

20. When persons first see something in their environment, such as a tree, this image first enters
(A) echoic memory (B) iconic memory
(C) short term memory (D) long term memory

13. रैटिना में अवसादी स्पॉट जो कि दृष्टि क्षेत्र के केन्द्र में होता है जहाँ कि प्राय: प्रतिबिंब स्पष्टत: फोकस होता है, कहलाता है :
(A) फोविआ (B) कोर्निया (C) आइरिस (D) ऑप्टिक नर्व

14. एक मनोवैज्ञानिक ने आंकिक योग्यता के लिए नए परीक्षण का विकास किया । उसने आंकिक योग्यता के पूर्व स्थापित परीक्षण को नए परीक्षण से जोड़कर उसका 400 व्यक्तियों पर प्रयोग किया । दोनों परीक्षणों में 0.28 का सहसंबंध मिला जिसका .01 स्तर पर सांख्यिकीय सार्थकता है । नए परीक्षण के लिए, वह प्रमाणित करता है
(A) संतोषजनक सहवर्ती वैधता (B) असंतोषजनक सहवर्ती वैधता
(C) संतोषजनक पूर्वकथनात्मक वैधता (D) असंतोषजनक पूर्वकथनात्मक वैधता

15. सूची-I तथा सूची-II को मिलाइए तथा सही उत्तर का नीचे दिए गए कोड में से चयन कीजिए :

| | सूची-I (मनोवैज्ञानिक) | | सूची -II (सिद्धान्त) |
|---|---|---|---|
| (a) | स्टर्नबर्ग | (1) | बुद्धि का प्रतिचयन सिद्धान्त |
| (b) | जेनसन | (2) | स्तर-I तथा स्तर-II के बुद्धि के सिद्धान्त |
| (c) | जे.पी. दास | (3) | बुद्धि का सामान्य मॉडल |
| (d) | थामसन | (4) | बुद्धि ‘ट्राइआर्किक’ सिद्धान्त |

**कोड :**

| | a | b | c | d |
|---|---|---|---|---|
| (A) | 3 | 2 | 4 | 1 |
| (B) | 1 | 4 | 2 | 3 |
| (C) | 4 | 2 | 3 | 1 |
| (D) | 2 | 4 | 1 | 3 |

16. निम्नलिखित में से चिन्तन प्रक्रिया को कौन व्यक्त करता है ?
(A) तनाव (B) अनुकरण
(C) उपांशु भाषा (सब-वोकल) (D) बहस

17. संवेग का वह कौन सा सिद्धान्त है जिसके अनुसार केवल अपने उद्दीपन स्तर में परिवर्तन करके व्यक्ति अपने संवेगों में परिवर्तन ला सकता है ?
(A) जेम्स – लॉगे सिद्धान्त
(B) कैनन – बार्ड सिद्धान्त
(C) शैक्टर – द्वि-कारक सिद्धान्त
(D) ऑपोनेंट – प्रॉसेस सिद्धान्त

18. समस्याओं के समाधान की क्षमता को सुधारने के लिए बनाया गया प्रशिक्षण कार्यक्रम बल देता है :
(A) सुस्पष्ट निष्कर्ष निकालना
(B) अंतर्निहित संवर्गीकरण
(C) वैकल्पिक चयन की समस्याओं का समाधान
(D) चिंतनात्मक लचीलापन

19. उन समस्याओं का समाधान करने में कठिनाई आ सकती है जिनमें एक ही वस्तु का असामान्य तरीके से प्रयोग किया जाता है
(A) मानसिक विन्यास (B) अप्रासंगिक सूचना
(C) अनावश्यक बाध्यताएँ (D) कार्यपरक स्थिरता

20. कोई व्यक्ति पर्यावरण में कुछ पहली बार देखता है जैसे कि पेड़, उसका प्रतिबिंब पहले बनता है :
(A) प्रतिध्वनिक स्मृति (B) चित्रात्मक स्मृति
(C) लघु अवधि स्मृति (D) दीर्घ अवधि स्मृति

www.prepp.in

Prepp
Your Personal Exams Guide

**21.** For conditioning to occur, the proper order of events is

(A) US – UR – CR (B) CS – CR – UR
(C) CS – US – UR (D) UR – US – CS

**22.** When the light is seen to travel from one point to another, even though there was no stimulation in the intervening region, is not called

(A) Stroboscopic movement (B) Phi phenomenon
(C) Apparent movement (D) Induced movement

**23.** Location in Rorschach test is concerned with

(A) Whole/part (B) Fantasy/emotion
(C) Colour/movement (D) Figure/landscape

**24.** Choose the correct order in which human needs are to be satisfied.

1. Esteem needs
2. Need for self actualization
3. Love and belongingness needs
4. Aesthetic needs

**Codes :**

(A) 4, 3, 2, 1 (B) 3, 1, 4, 2 (C) 1, 3, 4, 2 (D) 3, 2, 4, 1

**25.** Dinner Plates on a table are seen as round even though from the angle of viewing they are oval. This is an example of

(A) Size constancy (B) Shape constancy
(C) Brightness constancy (D) Colour constancy

**26.** A procedure by which the application or removal of a stimulus decreases the strength of a behaviour are both examples of

(A) Negative reinforcement (B) Punishment
(C) Positive reinforcement (D) Secondary reinforcement

**27.** The theory which attempted to explain both the structure as well as processes of long term memory is known as

(A) TLC theory of Quillian
(B) ACT theory of Anderson
(C) Information processing theory of Atkinson and Shiffrin
(D) Dual coding theory of Pavio.

**28.** Match the items on List-I with the items on List-II.

| | **List-I** | | **List-II** |
|---|---|---|---|
| (a) | Iconic memory | (1) | Baddadey |
| (b) | Schema theory | (2) | Muller & Pilzecker |
| (c) | Working memory | (3) | Sperling |
| (d) | Consolidation theory | (4) | Bart Lett |

**Codes :**

| | a | b | c | d |
|---|---|---|---|---|
| (A) | 1 | 3 | 4 | 2 |
| (B) | 3 | 4 | 1 | 2 |
| (C) | 2 | 3 | 1 | 4 |
| (D) | 4 | 1 | 2 | 3 |

www.prepp.in

Prepp Your Personal Exams Guide

**21.** अनुबंधन होने के लिए, घटनाओं का उपयुक्त क्रम इस प्रकार है :

(A) US – UR – CR (B) CS – CR – UR

(C) CS – US – UR (D) UR – US – CS

**22.** जब विद्युत एक स्थान से दूसरे स्थान पर संचरण करती है; इस प्रभावित क्षेत्र में यद्यपि कोई उद्दीपन नहीं होता, इसमें निम्नलिखित में से क्या नहीं कहा जा सकता ?

(A) स्ट्राबोस्कोपी गति (B) फी - घटना

(C) आभासी गति (D) प्रेरित गति

**23.** रोशार्क परीक्षण में स्थिति संबंधित है

(A) समष्टि / अंश (B) कल्पना / संवेग

(C) रंग / गति (D) आकृति / प्रकृति

**24.** व्यक्ति की आवश्यकताओं की संतुष्टि के सही क्रम का चयन कीजिए :

1. महत्त्वपूर्ण आवश्यकताएँ
2. आत्मवास्तवीकरण आवश्यकताएँ
3. प्रेम तथा सम्पत्ति संबंधी आवश्यकताएँ
4. सौन्दर्यपरक आवश्यकताएँ

**कोड :**

(A) 4, 3, 2, 1 (B) 3, 1, 4, 2 (C) 1, 3, 4, 2 (D) 3, 2, 4, 1

**25.** मेज पर रखी खाने की प्लेटें गोल दिखाई देती हैं यद्यपि चाक्षुदृष्टि कोण में प्रतिमा अण्डाकार रूप की होती हैं । यह उदाहरण है

(A) माप स्थिरता (B) आकार स्थिरता (C) चमक स्थिरता (D) रंग स्थिरता

**26.** वह प्रक्रिया जिसके द्वारा उद्दीपक का अनुप्रयोग या बरखास्तगी व्यवहार की ताकत को कम करती है, उदाहरण है :

(A) नकारात्मक प्रबलन (B) दण्ड

(C) सकारात्मक प्रबलन (D) गौण प्रबलन

**27.** वह सिद्धान्त, जो दीर्घ अवधि स्मृति की संरचना तथा प्रक्रिया दोनों की व्याख्या करने का प्रयास करती है, कहलाती है

(A) क्यूलियन का TLC (टी एल सी) सिद्धान्त

(B) एंडरसन का ACT (ए सी टी) सिद्धान्त

(C) एटकिंसन तथा शिफ्फरिन का सूचना - प्रक्रिया सिद्धान्त

(D) पेविओ का द्विकोडिंग सिद्धान्त

**28.** सूची-I में दिए गये मदों को सूची-II के मदों से मिलाइए :

| | **सूची-I** | | **सूची-II** |
|---|---|---|---|
| (a) | आइकोनिक मैमोरी (स्मृति) | (1) | बेड्डले |
| (b) | स्कीमा मैमोरी (स्मृति) | (2) | मुलर तथा पिल्ज़ेकर |
| (c) | वर्किंग मैमोरी | (3) | स्परलिंग |
| (d) | कंसौलिडेशन थ्योरी | (4) | बर्ट लेट्ट |

**कोड :**

| | a | b | c | d |
|---|---|---|---|---|
| (A) | 1 | 3 | 4 | 2 |
| (B) | 3 | 4 | 1 | 2 |
| (C) | 2 | 3 | 1 | 4 |
| (D) | 4 | 1 | 2 | 3 |

www.prepp.in

Prepp
Your Personal Exams Guide

**29.** Stages in creative thinking are

(A) Preparation, incubation, illumination, evaluation, revision.

(B) Incubation, preparation, illumination, evaluation, revision.

(C) Preparation, illumination, incubation, evaluation, revision.

(D) Illumination, preparation, incubation, revision, evaluation

**30.** Which one of the following is the correct sequence of motivational set ?

(A) Goal-directed behaviour, attainment of goal, drive, satisfaction.

(B) Drive, satisfaction, attainment of goal, goal directed behaviour.

(C) Drive, goal-directed behaviour, attainment of goal, satisfaction

(D) Goal-directed behaviour, drive, satisfaction, attainment of goal

**31.** Evidence for hereditary influence can be gathered from

(A) Twin studies (B) Adoption studies

(C) Socio-economic status (D) Study of biological parents and children

**32.** In the neuron, which one of the following carries information away from the cell body ?

(A) Glial cells (B) Dendrite (C) Astrocyte (D) Axon

**33.** Which one of the following concepts is not part of Behaviouristic theories of personality ?

(A) Reciprocal Determinism (B) Self Efficacy

(C) Collective Unconscious (D) Reinforcement/Punishment

**34.** Which one of the following is not a trait theory of personality proposed through factor analysis ?

(A) Eysenck's theory (B) Cattell's theory

(C) McCrae and Costa's theory (D) Allport's theory

**35.** Two schedules of reinforcement that produce the highest rates of response are

(A) Continuous and fixed interval

(B) Fixed interval and variable interval

(C) Variable interval and variable ratio

(D) Fixed ratio and variable ratio

**36.** Procedural memory would be affected by damage to the

(A) Cerebrum (B) Cerebellum (C) Motor cortex (D) Limbic system

**37.** In the familiar Carrot and Stick notion, which one of the following theories of motivation focuses more directly on carrot ?

(A) Equity theory (B) Arousal theory

(C) Expectancy theory (D) Needs hierarchy theory

**38.** The procedure which is frequently used in concept learning of children involves

(A) Card sorting task (B) Ravan's Progressive matrics

(C) Children's apperception test (D) Differential aptitude test

www.prepp.in

Prepp
Your Personal Exams Guide

**29.** सर्जनात्मक चिंतन की अवस्थाएँ हैं :

(A) तैयारी, उद्‌भवन, प्रकाशन, विकास, पुनरावृत्ति
(B) उद्‌भवन, तैयारी, प्रकाशन, विकास, पुनरावृत्ति
(C) तैयारी, प्रकाशन, उद्‌भवन, विकास, पुनरावृत्ति
(D) प्रकाशन, तैयारी, उद्‌भवन, पुनरावृत्ति, विकास

**30.** निम्नलिखित में से अभिप्रेरणात्मक विन्यास का सही क्रम कौन सा है ?

(A) ध्येय प्रधान व्यवहार, ध्येय की प्राप्ति, अंतर्नोद, संतुष्टि
(B) अंतर्नोद, संतुष्टि, ध्येय की प्राप्ति, ध्येय प्रधान व्यवहार
(C) अंतर्नोद, ध्येय प्रधान व्यवहार, ध्येय की प्राप्ति, संतुष्टि
(D) ध्येय प्रधान व्यवहार, अंतर्नोद, संतुष्टि, ध्येय की प्राप्ति

**31.** आनुवंशिक प्रभाव के प्रमाण प्राप्त किए जा सकते हैं :

(A) यमज अध्ययन
(B) दत्तक अध्ययन
(C) सामाजिक-आर्थिक स्थिति
(D) जैविक माता-पिता तथा संतानों का अध्ययन

**32.** निम्नलिखित में न्यूरोन में, शरीर की कोशिकाओं से निम्न सूचना मिलती है :

(A) ग्लायल कोशिकाएँ
(B) डेंड्राइट
(C) एस्ट्रोसाइट
(D) एक्ज़ोन (अक्षतंतु)

**33.** इनमें से कौन सी सम्प्रत्यय व्यक्तित्व के व्यावहारिक सिद्धान्तों का भाग नहीं है :

(A) पारस्परिक नियतवाद
(B) स्वयं क्षमता
(C) सामूहिक अचेतनता
(D) पुनर्बलीकरण / दण्ड

**34.** इनमें से कारकीय विश्लेषण में से कौन सा व्यक्तित्व के लक्षण सिद्धान्त के अन्तर्गत नहीं आता ?

(A) आयजेंक का सिद्धान्त
(B) कैटल का सिद्धान्त
(C) मेक्री तथा कॉस्टा का सिद्धान्त
(D) आलपोर्ट का सिद्धान्त

**35.** प्रबलन की दो सारणियाँ जो कि अनुक्रिया की उच्चतम दर देती हैं वे हैं :

(A) संतत एवं नियत अंतराल
(B) नियत अंतराल तथा परिवर्तनीय अंतराल
(C) परिवर्तनीय अंतराल तथा परिवर्तनीय अनुपात
(D) नियत अनुपात एवं परिवर्तनीय अनुपात

**36.** प्रक्रियात्मक स्मृति इनमें से किसके आघात से प्रभावित होती है ?

(A) प्रमस्तिष्क
(B) अनुमस्तिष्क
(C) मोटर कॉर्ट्रेक्स
(D) लिम्बिक सिस्टम (उपवल्कुटीय तंत्र)

**37.** प्रचलित कैरट तथा स्टिक अवधारणा में इनमें से कौन सा अभिप्रेरणा सिद्धान्त कैरट पर प्रत्यक्ष रूप से है ?

(A) एक्विटी थ्योरी
(B) अराउज़ल थ्योरी
(C) एक्सपैक्टंसी थ्योरी
(D) नीड्स हायरारकी थ्योरी

**38.** बच्चों के सीखने की अवधारणा में जो विधि प्राय: प्रयोग में लाई जाती है वह है

(A) कार्ड छाँटने का कार्य
(B) रावन प्रोग्रेसिव मैट्रिक्स
(C) चिल्ड्रन अपरसैपशन टैस्ट (बाल संप्रत्यक्षण परीक्षण)
(D) डिफरैंशियल एपटिट्यूट टैस्ट (विभेदक अभिक्षमता परीक्षण)

Prepp
Your Personal Exams Guide

**39.** Which one of the following sub-tests is not part of Wechsler Adult Intelligence Scale ?
(A) Information (B) Vocabulary
(C) Creativity (D) Digit symbol

**40.** Match List-I with List-II and select the correct answer using the codes given below the lists.

| **List-I (Brain functions)** | **List-II (Brain parts)** |
|---|---|
| (p) Controls body balance | (1) Pons |
| (q) Maintains breathing and heart beat | (2) Medulla |
| (r) Co-ordinates the muscle movement | (3) Reticular formation |
| (s) Activates the brain to produce arousal | (4) Cerebellum |

**Codes :**

| | p | q | r | s |
|---|---|---|---|---|
| (A) | 1 | 4 | 2 | 3 |
| (B) | 2 | 4 | 1 | 3 |
| (C) | 3 | 4 | 2 | 1 |
| (D) | 4 | 2 | 1 | 3 |

Instructions for Qn. Nos. **41** to **45** : There are a pair of statements labelled as Assertion (A) and Reason (R).
Read the pair of statements and answer the questions using the following codes :
(A) Both (A) and (R) are true and (R) is the correct explanation of (A).
(B) Both (A) and (R) are true but (R) is not the correct explanation of (A).
(C) (A) is true but (R) is false.
(D) (A) is false (R) is true.

**41.** **Assertion (A)** : Fixation is a kind of behavioural disorder.
**Reason (R)** : Fixation originates from unresolved conflicts during childhood.

**42.** **Assertion (A)** : Paired comparison scaling is not suitable for scaling large number of items.
**Reason (R)** : With large number of items, the number of possible pairs of items would be very large and experimentally inconvenient.

**43.** **Assertion (A)** : The phenomena of perceptual organisation, movement, depth, and perceptual constancies support what we see, but not how to explain.
**Reason (R)** : Perceptual ability is innate, we are designed to perceive the way we do.

**44.** **Assertion (A)** : Personality disturbances are due to the exposure of children to unhealthy role models.
**Reason (R)** : This happens because children's behaviour/personality is shaped through observational learning.

**45.** **Assertion (A)** : Edward's Personality Preference Schedule uses the forced-choice format.
**Reason (R)** : Forced-choice format prevents acquiescence response set.

www.prepp.in

Prepp
Your Personal Exams Guide

**39.** निम्नलिखित में से कौन से उप-परीक्षण वैशलर एडल्ट इंटेलीजैन्स स्केल का भाग नहीं हैं ?

(A) सूचना
(B) शब्दावली
(C) सर्जनात्मकता
(D) डिजिट सिम्बल (अंक प्रतीक)

**40.** सूची-I को सूची-II से मिलाइए तथा सही उत्तर का नीचे दिए गये कोड से चयन कीजिए :

| | **सूची-I (मस्तिष्क के प्रकार्य)** | | **सूची-II (मस्तिष्क के अंग)** |
|---|---|---|---|
| (p) | शरीर के संतुलन का नियंत्रण | (1) | पोन्स |
| (q) | साँस तथा हृदय की धड़कन चालू रखना | (2) | मैडूला |
| (r) | माँसपेशियों की गति को सहयोजित करना | (3) | रैटिकुलर फॉर्मेशन |
| (s) | मस्तिष्क को जागृत करने के लिए प्रेरित करना | (4) | अनुमस्तिष्क (सेरिबेलम) |

**कोड :**

| | p | q | r | s |
|---|---|---|---|---|
| (A) | 1 | 4 | 2 | 3 |
| (B) | 2 | 4 | 1 | 3 |
| (C) | 3 | 4 | 2 | 1 |
| (D) | 4 | 2 | 1 | 3 |

प्रश्न **41** से **45** के लिए निर्देश : प्रत्येक युग्म में दो कथन दिए गए हैं । एक है अभिकथन (A) तथा दूसरा है कारण (R) । कथनों के युग्म को पढ़िए तथा निम्नलिखित कोड की सहायता से प्रश्नों के उत्तर दीजिए :

(A) (A) और (R) दोनों सही हैं तथा (R), (A) की सही व्याख्या है ।
(B) (A) और (R) दोनों सही हैं, परन्तु (R), (A) की सही व्याख्या नहीं है ।
(C) (A) सही है, परन्तु (R) गलत है ।
(D) (A) गलत है, (R) सही है ।

**41.** **अभिकथन (A)** : स्थिरण (फिक्सेशन) एक प्रकार की व्यावहारिक अव्यवस्था है ।
**कारण (R)** : स्थिरण बचपन में बिना सुलझे विवादों से उत्पन्न होते हैं ।

**42.** **अभिकथन (A)** : युग्म तुलनात्मक मापनी बहुत से पदों को मापने के लिए उपयुक्त नहीं है ।
**कारण (R)** : बहुत से पद के लिए, पद के संभावित युग्मों की संख्या बहुत अधिक तथा प्रायोगिक दृष्टि से असुविधाजनक हो सकती है ।

**43.** **अभिकथन (A)** : प्रत्यक्षीकरण संगठन, गति, गहनता तथा प्रत्यक्षीकरण समरूपता की यथार्थता जो हम देखते हैं उसको पुष्ट करती हैं न कि जैसे उनकी व्याख्या करते हैं।
**कारण (R)** : प्रत्यक्षीकरण क्षमता सहजात होती है, हमारी रचना उसी के अनुरूप हुई जिसका हम प्रत्यक्षण करते हैं ।

**44.** **अभिकथन (A)** : व्यक्तित्व गड़बड़ियाँ बच्चों के सामने गड़बड़ भूमिका प्रतिरूपों के उद्भाषन के कारण होती हैं ।
**कारण (R)** : यह इसलिए होता है चूँकि बच्चों का व्यवहार-व्यक्तित्व निरीक्षण अधिगम द्वारा निर्मित होता है ।

**45.** **अभिकथन (A)** : एडवर्ड का पर्सनेलिटी प्रेफरेंस शिड्यूल बाध्य - वरण - प्रारूप (फोर्सड् – चॉइस - फॉर्मेट) का प्रयोग करता है ।
**कारण (R)** : बाध्य-वरण-प्रारूप अनुकूल अनुक्रिया विन्यास को रोकती है ।

prepp
Your Personal Exams Guide

Read the following paragraph and answer the five questions **(Q. 46 to Q. 50)** that follow :

A researcher hypothesized that a given drug would adversely affect the reaction time. Forty subjects were tested for discriminatory reaction time. Each subject was then given a prescribed drug dosage (5 mg/kg body weight) and after appropriate time gap, the subject was retested for discriminatory reaction time. The time-interval between a 'ready signal' and actual presentation of the stimulus was randomly varied from half a second to three seconds. For evaluating the mean difference on the reaction time, the researcher considered various statistical options like the t test, analysis of variance, chi-square test etc. and employed the appropriate technique/s. The mean difference was statistically significant (Mean without drug condition = 240 m.s., SD = 20 ; and mean with drug condition = 210 m.s., SD = 18). The statistical examination further revealed that the difference between the two standard deviations was insignificant. During the course of research, the researcher suspected that the effect of drug dosage would be different for discriminatory and simple reaction times. For this purpose researcher considered the different experimental designs options such as matched two-group design, factorial design, analysis of covariance design, quasi-experimental design etc. Finally researcher selected the appropriate design to carry out the new investigation.

**46.** On the basis of above information, what can you conclude about the researcher's hypothesis ?

(A) The researcher's hypothesis is rejected.
(B) The researcher's hypothesis is partially verified.
(C) The researcher's hypothesis is accepted.
(D) The data are inadequate to evaluate the researcher's hypothesis.

**47.** For evaluating the mean differences, which of the following techniques would be appropriate ?

1. t test for independent samples.
2. Repeated measures ANOVA
3. Chi-square test
4. Paired samples t test.

(A) 4 only
(B) 2 and 4 only
(C) 1, 2 and 3 only
(D) 2, 3 and 4 only

**48.** Which of the following variable/s is/are not controlled variables ?

1. Drug to body weight ratio.
2. Foreperiod
3. Type of reaction
4. Reaction time

(A) 4 only
(B) 1 and 4 only
(C) 2 and 4 only
(D) 1, 2 and 4 only

**49.** On the basis of above passage, what would you conclude about the variance ?

(A) The two conditions have homogeneity of variance.
(B) The two conditions have heterogeneity of variance.
(C) We cannot conclude about the homogeneity of variance from the above data.
(D) It is necessary to apply an additional test to infer about homogeneity of variance.

**50.** For studying whether the effect of drug would be different for discriminatory and simple reactions, the appropriate design would be

(A) Quasi-experimental design
(B) Matched two-group design
(C) Analysis of covariance design
(D) Factorial design

www.prepp.in
Prepp
Your Personal Exams Guide

निम्नलिखित अवतरण को पढ़िए तथा पढ़कर दिए गए **पाँचों** प्रश्नों (प्र. सं. **46** से **50** तक) के उत्तर दीजिए :

शोधकर्ता ने माना है कि कोई भी दवा प्रतिक्रिया काल पर विपरीत प्रभाव डालती है । भेदमूलक प्रतिक्रिया काल के लिए 40 व्यक्तियों का परीक्षण किया गया । हर व्यक्ति को तब निर्धारित दवा की मात्रा (5 मि.ग्रा / किलो शरीर का वजन) तथा समुचित काल के अन्तराल के बाद, उन व्यक्तियों का भेदमूलक प्रतिक्रिया काल का पुन: परीक्षण किया गया । 'तैयार संकेत' तथा उद्दीपन के वास्तविक प्रस्तुतीकरण के काल अंतराल आधे सेकंड से तीन संकेड का अन्तर था । प्रतिक्रिया-काल के माध्य अंतर के मूल्यांकन के लिए शोधकर्ता ने विभिन्न सांख्यिकीय विकल्पों जैसे, टी-परीक्षण, प्रसरण विश्लेषण, ची-स्क्वेयर परीक्षण आदि विकल्प पर विचार किया तथा उपयुक्त तकनीकों का प्रयोग किया । माध्य-भेद सांख्यिकीय दृष्टि से महत्त्वपूर्ण था (बिना दवा की स्थिति में माध्य = 240 एम. एस., एस. डी. = 20, दवा की स्थिति में माध्य = 210 एम. एस, एस. डी. = 18) सांख्यिकीय परीक्षणों ने आगे यह भी सिद्ध किया कि दो मानक विचलनों में अन्तर महत्त्वपूर्ण नहीं था । शोध प्रक्रिया के दौरान शोधकर्ता को संदेह हुआ कि दवा की मात्रा का प्रभाव भेदमूलक तथा सरल प्रतिक्रिया काल में भिन्न होगा । इस उद्देश्य के लिए उसने विभिन्न प्रायोगिक डिजाइन के विकल्पों जैसे द्वि-समूह अभिकल्प, कारकीय अभिकल्प, सहप्रसरण अभिकल्प का विश्लेषण, अर्ध-प्रायोगिक अभिकल्प आदि । अन्तत: उसने अपनी नए अन्वेषणों पर आगे काम करने के लिए उपयुक्त अभिकल्प का चयन कर लिया ।

**46.** उपर्युक्त दी गई सूचना के आधार पर शोधकर्ता की प्राक्कल्पना के बारे में आप क्या निष्कर्ष निकाल सकते हैं ?
(A) शोधकर्ता की प्राक्कल्पना अस्वीकृत हो गई ।
(B) शोधकर्ता की प्राक्कल्पना आंशिक रूप से प्रमाणित हुई ।
(C) शोधकर्ता की प्राक्कल्पना स्वीकृत हो गई ।
(D) शोधकर्ता की प्राक्कल्पना का मूल्यांकन करने के लिए आँकड़े अपर्याप्त थे ।

**47.** माध्य अन्तरों का मूल्यांकन करने के लिए इनमें से कौन सी तकनीक उपयुक्त होगी ?
1. स्वतंत्र नमूनों के लिए टी - परीक्षण
2. पुनरावृत्त माप एनोवा
3. ची-स्क्वेयर परीक्षण
4. युग्म नमूने टी परीक्षण

(A) केवल 4
(B) केवल 2 और 4
(C) केवल 1, 2 तथा 3
(D) केवल 2, 3 तथा 4

**48.** निम्नलिखित चर / चरों में से नियंत्रित चर कौन से नहीं हैं ?
1. शरीर के वजन के अनुपात में दवा
2. प्राग्अवधि
3. प्रतिक्रिया का प्रकार
4. प्रतिक्रिया अवधि

(A) केवल 4
(B) केवल 1 और 4
(C) केवल 2 और 4
(D) केवल 1, 2 और 4

**49.** उपर्युक्त अवतरण के आधार पर चर के बारे में आप क्या निष्कर्ष निकालेंगे ?
(A) दो निर्धारकों में चर की समजातीयता होती है ।
(B) दो निर्धारकों में चर की विषमजातीयता होती है ।
(C) ऊपर दिए गए आँकड़ों से चर की समजातीयता के बारे में हम निष्कर्ष नहीं निकाल सकते ।
(D) चर की समजातीयता के बारे में निष्कर्ष निकालने के लिए किसी अन्य परीक्षण को लागू करना आवश्यक है ।

**50.** यह अध्ययन करने के लिए कि विभेदक तथा सरल प्रतिक्रियाओं के लिए दवा का प्रभाव भिन्न होगा, उपयुक्त अभिकल्प होगा :
(A) अर्ध-प्रायोगिक अभिकल्प
(B) समेल द्वि-समूह अभिकल्प
(C) सहप्रसरण अभिकल्प का विश्लेषण
(D) कारकीय अभिकल्प

---

Prepp
Your Personal Exams Guide

**Space for Rough Work**

Prepp Your Personal Exam Guide